Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding rejuvenation of ponds and natural sites having water storage capacity.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): सभापति महोदय, आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री जी द्वारा 24 अप्रैल, 2022 को देश के प्रत्येक जिले में 75-75 तालाबों के निर्माण के लिए अमृत सरोवर योजना का शुभारंभ किया गया था ।... (व्यवधान) अमृत सरोवर योजना का उद्देश्य तालाबों के निर्माण के साथ-साथ उन्हें पर्यटन के लिए आकर्षक बनाना, तालाब के चारों तरफ पेड़-पौधे लगाना एवं लोगों को तालाबों के महत्व के प्रति जागरूक करना भी है ।... (व्यवधान) मुझे यह बताते हुये अति प्रसन्नता हो रही है कि मेरे ग्वालियर जिले में अमृत सरोवर के लिये 100 स्थलों का चिन्हांकन किया गया है। वर्तमान तक ग्वालियर जिले में 58 सरोवरों का निर्माण हो चुका है। इन अमृत सरोवरों में बारिश का पानी संरक्षित होने से ग्रामीणों को बहुत फायदा मिल रहा है। जल संरक्षण के लिये यह योजना बहुत कारगर साबित हो रही है ।... (व्यवधान) मेरा आग्रह है कि ग्रामीण अंचल में अमृत सरोवर योजना के सफल क्रियान्वयन के बाद सरकार को शहरी निकायों एवं इसके आसपास पुराने तालाबों एवं जल संग्रह स्थलों के पुनरुद्धार करने पर गंभीरता से विचार करने के साथ-साथ रेनवाटर हार्वेस्टिंग (वर्षा जल संचयन) के लिये जनजागरूकता अभियान चलाना चाहिए ।... (व्यवधान) क्या जलशक्ति मंत्रालय इस संबंध में कोई कदम उठाने जा रहा है? ... (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, मेरा आप सभी से निवेदन है कि आप अपने-अपने स्थान पर बैठ जाइए।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति: प्लीज, आप अपने स्थान पर बैठ जाइए। हमारे सदस्य बहुत महत्वपूर्ण विषय उठा रहे हैं। आप बहुत वरिष्ठ सदस्य हैं। यह आपको शोभा नहीं देता है।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही चार बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

... (व्यवधान)

14.14 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Sixteen of the Clock.

____

-

16.00 hrs.

The Lok Sabha re-assembled at Sixteen of the Clock.

(Shrimati Rama Devi *in the Chair*)

... (व्यवधान)

16.00½ hrs.

MATTERS UNDER RULE 377-Contd.

माननीय सभापति : श्रीमती गोमती साय।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री गोपाल शेट्टी।

... (व्यवधान)

16.01 hrs

At this stage, Shri Hibi Eden, Shri Kodikunnil Suresh, Shri Dayanidhi Maran and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.